राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़
Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 1376 / 2022 दिनांकः—29 अक्टूबर, 2022

सेवा में,

कुलसचिव,
डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

विषयः— राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले 04 जनपदों क्रमशः अलीगढ़, एटा, हाथरस एवं कासगंज के महाविद्यालयों की प्राभूत राशि (एफ0डी0आर0) के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या सम्ब0 / 1800 / 2022 दिनांक 10 / 8 / 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

संदर्भित प्रकरण में मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार अवगत कराना है कि राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के अन्तर्गत जनपद अलीगढ़, एटा, हाथरस एवं कासगंज में अवस्थित महाविद्यालयों की प्राभूत राशि के रूप में जमा की गई एफ0डी0आर0 सम्बन्धित महाविद्यालय को वापस कर दें तथा सम्बन्धित महाविद्यालय नऐ सिरे से प्राभूत राशि की एफ0डी0आर0 तैयार करें तथा उसे कुलसचिव, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के नाम बन्धक करते हुए विश्वविद्यालय में 15 दिवस में जमा कराने की कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबंधक, सम्बन्धित महाविद्यालय को इस निर्देश के साथ कि नई एफ0डी0आर0 बनवाकर तथा विश्वविद्यालय के पक्ष में बन्धक कराते हुए 15 दिवस में विश्वविद्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें।
3. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट एवं कालिज लागिन पर अपलोड करने हेतु।
4. गार्ड फाइल।

सहा0 कुलसचिव